4

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एटा

पत्रांक--मान्यता/ 6926-31 /2013-14 दिनांक- 31-07-2013

प्रबन्धक
जे0एस0बी0पब्लिक स्कूल
(निकट राजकीय महाविद्यालय) जलेसर ।

विषयः- निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के प्रयोजन के लिए निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 के नियम 15 के उपनियम (4) के अधीन विद्यालय के लिए मान्यता प्रमाण पत्र।

महोदय/महोदया,

आपके तारीख, 31-10-2012 के आवेदन और इस संबन्ध में विद्यालय के साथ पश्चातवर्ती पत्राचार/निरीक्षण के प्रतिनिर्देश के कम में मण्डलीय मान्यता समिति की बैठक दिनांक 29.6.2013 के प्रस्ताव सख्या 03 मे शासनादेश दिनांक 8-5-2013 मे निहित प्रावधानो के अर्न्तगत लिये गये निर्णायानुसार मैं जे0एस0बी0पब्लिक स्कूल ( निकट राजकीय महाविद्यालय ) जलेसर को दिनाक 1.07.2013 से 30.06.2016 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए अंग्रेजी माध्यम के अन्तर्गत कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के लिए अनन्तिम मान्यता प्रदान करने की संसूचना देता हूँ।

उपरोक्त मजूरी निम्नलिखित शर्तो के पूरा किए जाने के अध्यधीन हैः-

1-मान्यता की मंजूरी विस्तारणीय नहीं है और उसमें किसी भी रूप में कक्षा 8 के पश्चात मान्यता/संबंधन करने के लिए कोई बाध्यता विवक्षित नहीं है।

2-विद्यालय निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (उपाबंध1) और निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 (उपाबंध2) के उपबंधो का पालन करेगा।

3-विद्यालय कक्षा 6 से 8 में उस कक्षा मे बालकों की संख्या के 25 प्रतिशत तक आस पडोस के कमजोर वर्गो और सुविधा विहीन समूह के बालकों को प्रवेश प्रदान करेगा और उन्हें निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उसके पुरा हो जाने तक उपलब्ध कराएगा।

4-पैरा-3 मे निर्दिष्ट बालकों के लिए विद्यालय के अधिनियम की धारा 12 की उपधारा(2) के उपबंधो के अनुसार प्रतिपूरित किया जाएगा। ऐसी प्रतिपूर्तिया प्राप्त करने के लिए विद्यालय एक पृथक बैंक खाता रखेगा।

5-सोसाइटी/विद्यालय किसी कैपिटेशन शुल्क का संग्रहण नही करेगा और किसी बालक या उसके माता-पिता या संरक्षक को किसी स्क्रीनिंग प्रक्रिया के अध्यधीन नहीं करेगा।

6-विद्यालय किसी बालक को उसकी आयु का सबूत न होने के कारण प्रवेश देने से इंकार नही करेगा और वह अधिनियम की धारा 15 के उपबंधों का पालन करेगा। विद्यालय निम्नलिखित सुनिश्चित करेगा :

(I) प्रवेश दिए गए किसी भी बालक को, विद्यालय में उसकी शिक्षा पूरी होने तक किसी कक्षा में फेल नही किया जाएगा या उसे विद्यालय से निष्कासित नहीं किया जाएगा ;

(II) किसी भी बालक को शारीरिक दंड या मानसिक उत्पीड़न के अध्यधीन नहीं किया जाएगा।

(III) शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बालक से कोई बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने की अपेक्षा नही की जाएगी।

(IV) शिक्षा पूरी करने वाले प्रत्येक बालक को नियम 25 के अधीन अधिकथित किए गए अनुसार एक प्रमाण -पत्र प्रदान किया जाएगा।

(V) अधिनियम के उपबंध के अनुसार निशक्तता ग्रस्त/विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना।

(VI) अध्यापक अधिनियम की धारा 23(1) के आधीन यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताओं के साथ की जाती है। परन्तु यह और कि विद्यमान अध्यापक जिनके पास इस अधिनियम के प्रारम्भ पर न्यूनतम अर्हताए नहीं हैं पांच वर्ष की अवधि के भीतर ऐसी न्यूनतम अर्हताएं अर्जित करेंगे।

(VII) अध्यापक अधिनियम की धारा 24(1) के अधीन विनिर्दिष्ट अपने कर्त्तव्यों का पालन करता है और,

(VIII) अध्यापक स्वयं को किसी निजी अध्यापन क्रियाकलापों में नियोजित नहीं करेंगे।

7-विद्यालय समुचित प्राधिकारी द्वारा अधिकथित पाठ्यचर्या के आधार पर पाठ्यक्रम का पालन करेगा।

8-विद्यालय अधिनियन की धारा 19 में यथाविनिर्दिष्ट विद्यालय के मानकों और मानदण्डों को बनाए रखेगा। अंतिम निरीक्षण के समय रिपोर्ट की गई प्रराविधाए निम्नानुसार है :

कुल निर्मित क्षेत्र
क्रीडा-स्थल का क्षेत्रफल
कक्षाओं की संख्या
प्राध्यापक सह कार्यालय सह भण्डार के लिए कक्ष

MANAGER
J S B Public School
Jalesar

Manager
Public School
Jalesar, Etah

Principal
J.S.B. Public School
Jalesar, Etah

PRINCIPAL
Shahjahanpur

Manager
J.S.B. Public School
Jalesar, Etah

बालक और बालिकाओं के लिए प्रथक शौचालय
पेयजल सुविधा
मिड–डे मील पकाने के लिए रसोई
बाधारहित पंहुच
अध्यापन पठन सामग्री/क्रीडा खेलकूद उपस्करो/पुस्तकालिय की उपलब्धता

9–विद्यालय के परिसरो के भीतर या उसके बाहर विद्यालय के नाम से कोई गैर–मान्यताप्राप्त कक्षाएँ नहीं चलाई जाएगी।

10–विद्यालय भवनो या अन्य संरचनाओं या क्रीडा–स्थल का प्रयोग केवल शिक्षा और कौशल विकास के प्रयोजनों के लिए किया जाता है।

11–विद्यालय को सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860(1860 का 21) के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी सोसाइटी द्वारा या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन गठित किसी लोक न्यास द्वारा चलाया जा रहा है।

12–स्कूल को किसी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह या संगम या किन्ही अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए नहीं चलाया जा रहा है।

13–विद्यालय के लेखाओं की किसी चार्टड एंकाउंटेट द्वारा संपरीक्षा की जानी चाहिए और उसके द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए तथा उचित लेखा विवरण नियमों के अनुसार तैयार किए जाने चाहिए प्रत्येक लेखा विवरण की एक प्रति प्रत्येक वर्ष जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी जानी चाहिए।

14–आपके विद्यालय को आंवटित मान्यता कोड संख्याक 04/29.6.2013 (अग्रेजी माध्यम,एटा) है। कृपया नोट कर ले और इस कार्यालय के साथ किसी पत्राचार के लिए इस संख्यांक का उल्लेख करें।

15– विद्यालय ऐसी रिपोर्ट और सूचना प्रस्तुत करता है जो समय–समय पर शिक्षा निदेशक / जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उपेक्षित हो और समचित सरकार/स्थानीय प्राधिकारी के ऐसे अनुदेशों का पालन करता है जो मान्यता संबधी शर्तो के सतत अनुपालन को सुनिश्चत करने या विद्यालय के कार्यकरण की कमियों को दूर करने के लिए जारी किए जाए।

16–सौसाइटी के रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण यदि कोई हो, को सुनिश्चित किया जाए।

17–संलग्न उपाबंध के अनुसार अन्य निम्न शर्ते।

A– शासनादेश में नियत मानको के अनुसार आपके विद्यालय हेतु प्रधानाध्यपक–एक पद सहायक अध्यापक दस पद लिपिक– एक पद एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–तीन पद(आया सहित) अनुमन्य होगे।

B– विद्यालय में शासनादेश दिनांक 8.5.2013 के बिन्दु–09 में उल्लिखित नियमों के अनुरूप ही शुल्क लिया जायेगा ।

C–मान्यता प्राप्ति के बाद विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को वेतन का भुगतान प्रबन्ध तंत्र अपने स्तर से करेगा ।

D– शासकीय/विभागीय आदेशो का पालन न करने एवं गलत तथ्यो के प्रकाश में आने की स्थिति में मान्यता प्रत्याहरण/समाप्ति का अधिकार सचिव उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद को निहित होगा।

भवदीय,

(एस0एस0यादव)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
एटा
30/7/13

पृष्ठांकन सं0 मान्यता/ /2013–14 तद्दिनाक
प्रतिलिप निम्न को सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक ) उ0प्र0 इलाहाबाद।
2–मडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक ) अलीगढ।
3–जिला समाज कल्याण अधिकारी/पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी एटा।
4–वित एवं लेखाधिकारी (बेसिक ) एटा।
5–संबधित नगर शिक्षा अधिकारी जनपद एटा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
एटा

PRINCIPAL
Fertilizer Public School
Shahjahanpur

Principal
J.S.B. Public School
Jalesar, Etah

MANAGER
J.S.B. Public School
Jalesar (Etah)

Manager
J.S.B. Public School
Jalesar Etah.